जागरण

में दिखाया
आइआइटी
छात्रों ने दम

# गुजरात के किनारे जैव रसायन पढ़ेंगे एचबीटीयू के छात्र

## सांकलचंद पटेल विश्वविद्यालय के साथ एचबीटीयू ने किया करार

जागरण संवाददाता, कानपुर : हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय एचबीटीयू) के छात्रों की पढ़ाई का दायरा इस वर्ष से बढ़ जाएगा। वह गुजरात के सांकलचंद पटेल विश्वविद्यालय के समृद्ध जैव रसायन प्रयोगशाला समेत कई तकनीकों का अध्ययन एचबीटीयू में पढ़ाई के दौरान ही कर सकते हैं। बिल्कुल ऐसा ही लाभ सांकलचंद पटेल विश्वविद्यालय के फूड तकनीक छात्रों को मिलेगा। वह एचबीटीयू के अंतरराष्ट्रीय स्तर के फूड तकनीक विभाग की प्रयोगशाला में शोध कर सकेंगे। इस संबंध में दोनों विश्वविद्यालय ने करार किया है। दोनों विश्वविद्यालय संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम भी करेंगे।

लखनऊ में हुए 'स्टडी इन गुजरात फॉर एजुकेशन इनोवेशन एंड ग्रोथ' विषय पर हुए कार्यक्रम के दौरान सांकलचंद पटेल विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. विजय कुमार श्रीवास्तव व एचबीटीयू कुलसचिव डॉ. नीरज कुमार सिंह ने इस करार पर हस्ताक्षर किए। जुलाई में शुरू होने वाले नए सत्र से दोनों संस्थान मिलकर काम करने लगेंगे। एचबीटीयू कुलसचिव डॉ. नीरज सिंह ने बताया कि कई विषयों पर शोध करने के लिए जिन संसाधनों की जरूरत होती है उनका प्रयोग एचबीटीयू के छात्र गुजरात के सांकलचंद पटेल विश्वविद्यालय में जाकर कर सकेंगे। इसके अलावा सांकलचंद पटेल विश्वविद्यालय के छात्रों को जिन संसाधनों की दरकार है वह एचबीटीयू उन्हें मुहैया कराएगा। करार के दौरान उच्च शिक्षा के प्रमुख सचिव आर रमेश कुमार, तकनीकी शिक्षा विभाग गुजरात के निदेशक जीटी पांड्या, गुजरात के राजस्व मंत्री कौशिक भाई पटेल, सीईपीटी यूनिवर्सिटी गुजरात की कुलसचिव मोना खख्खर व एचबीटीयू के प्रति कुलपति प्रो. मनोज शुक्ला मौजूद रहे।




एचबीटीयू व सांकलचंद पटेल विश्वविद्यालय के बीच हुए करार के दौरान एचबीटीयू के कुलसचिव डॉ. नीरज सिंह (टोपी लगाए हुए), उच्च शिक्षा प्रमुख सचिव आर रमेश कुमार (बाएं से), तकनीकी शिक्षा विभाग गुजरात के निदेशक जीटी पांड्या, गुजरात के राजस्व मंत्री कौशिक भाई पटेल, सीईपीटी यूनिवर्सिटी गुजरात की कुलसचिव मोना खख्खर व सांकलचंद पटेल विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. विजय कुमार श्रीवास्तव ● एचबीटीयू प्रशासन

- गुजरात के छात्र सीखेंगे एचबीटीयू की समृद्ध और अंतरराष्ट्रीय स्तर की फूड तकनीक
- सत्र 2020-21 से दोनों विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर व छात्र मिलकर करेंगे शोध

**इक्यूबेशन सेल में मिलेगा उपकरण बनाने का मौका** :एचबीटीयू में हाईटेक इंक्यूबेशन लैब बनाई जा रही है। इसमें छात्रों को जल्द ही प्रयोग करने का मौका मिलेगा। इस लैब में ऐसे उपकरण होंगे जो छात्रों के प्रोटोटाइप को टेस्ट कर उसे एप्रूव कर सकेंगे। अगर छात्र के आइडिया में दम होगा तो उन्हें न केवल तकनीकी सहायता दी जाएगी बल्कि खुद का बिजनेस स्थापित करने में भी मदद की जाएगी। एचबीटीयू में 12 करोड़ की लागत से बन रही इंक्यूबेशन सेंटर की दो में से एक इमारत का काम पूरा हो चुका है।

# गुजरात में लेंगे तकनीकी ज्ञान

**एचबीटीयू**

**कानपुर | वरिष्ठ संवाददाता**

अब जल्द ही एचबीटीयू के छात्र और प्रोफेसर गुजरात जाकर तकनीकी ज्ञान लेंगे। वहीं, गुजरात के छात्र एचबीटीयू आकर अहम तकनीकी जानकारी हासिल करेंगे। एचबीटीयू का सोमवार को सकल चंद्र पटेल विश्वविद्यालय के साथ एमओयू हुआ है।

लखनऊ में सोमवार को गुजरात सरकार की ओर से स्टडी इन गुजरात फॉर एजूकेशन इनोवेशन एंड ग्रोथ विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें एचबीटीयू के प्रति कुलपति प्रो. मनोज कुमार शुक्ला व रजिस्ट्रार डॉ. नीरज कुमार सिंह गए थे। वहां पर सकल चंद्र पटेल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विजय कुमार श्रीवास्तव व एचबीटीयू के रजिस्ट्रार डॉ. नीरज कुमार सिंह के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। रजिस्ट्रार ने बताया कि एमओयू से एचबीटीयू की तकनीकी विधाओं को गुजरात के लोग आकर एचबीटीयू में ग्रहण करेंगे। एचबीटीयू के प्रोफेसर व छात्र गुजरात जाकर शोध व फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में भाग लेंगे। ट्रेनिंग प्रोग्राम के साथ ही दोनों विश्वविद्यालय आपस में साझा कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

इससे छात्रों और प्रोफेसरों का तकनीकी ज्ञान बढ़ेगा। सभी नई-नई जानकारी हासिल कर सकेंगे।



एचबीटीयू का सोमवार को सकल चंद्र पटेल विश्वविद्यालय के साथ एमओयू हुआ।